an>

Title: The Speaker made reference to the 80th anniversary of ‘Quit India Movement under the leadership of Mahatma Gandhi

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज सम्पूर्ण देश ‘भारत छोड़ो आंदोलन
की 80वीं वर्षगांठ मना रहा है । 9 अगस्त, 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी
‘भारत छोड़ो’ का नारा दिया था । स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए हमारे संघर्षों
‘भारत छोड़ो आंदोलन’ सर्वाधिक निर्णायक क्षणों में से एक था, जिसने पूरे देश क
स्वतंत्रता प्राप्ति के लक्ष्य के लिए संघर्ष करने हेतु एकजुट किया । आज जब ह
स्वतंत्रता प्राप्ति के 75वें वर्ष में हैं, आजादी का ‘अमृत महोत्सव’ मना रहे हैं, तब ह
यह संकल्प करें कि हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हु
देश में काम करते रहेंगे और उनके उच्च आदर्शों के प्रति स्वयं को समर्पित करेंगे
इस अवसर पर हम उन सभी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्हों
स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दी और अपना सर्वस्व न्योछावर किया ।

अब सभा स्वतंत्रता सेनानियों की स्तुति में मौन रहेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.

____